विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय बुधवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर

**प्रश्न**

3(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में बेरोजगारी दर कितनी रही है और उक्त बेरोजगारी को दूर किये जाने के संबंध में अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ?

**उत्तर**

सेवायोजन विभाग द्वारा बेरोजगारी दर से सम्बन्धित सर्वेक्षण का कार्य नहीं किया जाता है।

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा जॉबसीकर्स(रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इस हेतु सेवायोजन विभाग के पोर्टल sewayojan.up.nic.in में जॉबसीकर्स(रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) एवं नियोजकों को ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था है।

(ख) सरकार की उपरोक्त बेरोजगारी दूर किये जाने की कार्यवाही के सापेक्ष अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए है?

सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने का कार्य किया जाता है।

| क्र0 सं0 | वर्ष | रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 19 मार्च, 2017 से 31 मार्च 2018 तक | 633 | 63,152 |
| 2 | दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक | 685 | 1,03,202 |
| 3 | दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक | 733 | 1,43,304 |
| 4 | दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक | 869 | 1,47,499 |
| 5 | दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक | 822 | 1,17,430 |
| 6 | दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से 31 जनवरी, 2023 तक | 1536 | 1,72,291 |
| योग | | 5278 | 7,46,878 |

कुशल कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य व शासकीय विभागों को स्थानीय सेवाएं (प्लम्बर, कारपेन्टर, पेन्टर, इलेक्ट्रिशियंन, ड्राईवर आदि) प्रदान करने हेतु सेवामित्र

----2

प्लेटफार्म (पोर्टल **sewamitra.up.gov.in**/सेवामित्र एप/कॉल सेन्टर) की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है।

➢ सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति (दिनांक 13 फरवरी, 2023 तक):-

1. कुशल कामगारों का संख्या :- 33,913
2. सेवाप्रदाताओं की संख्या :- 753
3. सेवामित्रों की संख्या :- 3,839

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन